15 וַיֹּאמֶר יְהוָה אֶל־ יְהוֹשֻׁעַ לֵאמֹר׃
और-कहा यहोवा-ने से यहोशू कहते-हुए
H0559 H3068 H0413 H3091 H0559

जिस समय सन्दूक ले चलने वाले याजक अभी नदी में ही खड़े थे, यहोवा ने यहोशू से कहा,

16 צַוֵּה אֶת־ הַכֹּהֲנִים נֹשְׂאֵי אֲרוֹן הָעֵדוּת וְיַעֲלוּ מִן־ הַיַּרְדֵּן׃
आज्ञा-दे को याजकों उठाने-वालों संदूक साक्षी-की और-चढ़ें से यरदन
H6680 H0853 H3548 H5375 H0727 H5715 H5927 H4480 H3383

“याजकों को नदी से बाहर आने का आदेश दो।”

17 וַיְצַו יְהוֹשֻׁעַ אֶת־ הַכֹּהֲנִים לֵאמֹר עֲלוּ מִן־ הַיַּרְדֵּן׃
और-आज्ञा-दी यहोशू-ने को याजकों कहते-हुए चढ़ो से यरदन
H6680 H3091 H0853 H3548 H0559 H5927 H4480 H3383

इसलिए योहशू ने याजकों को आदेश दिया। उसने कहा, “यरदन नदी के बाहर आओ।”

נִתְּקוּ	הַיַּרְדֵּן	מִתָּוֹךְ	יְהוָה	בְּרִית־	אֲרוֹן	נֹשְׂאֵי	הַכֹּהֲנִים	)כַּעֲלוֹת	]בעלות	וַיְהִי	18
उखड़े	यरदन-के	बीच-से	यहोवा-की	वाचा	संदूक	उठाने-वालों	याजक	चढ़ते-समय	चढ़ते-समय	और-हुआ	
H5423	H3383	H8432	H3068	H1285	H0727	H5375	H3548	H5927	H5927	H1961	

כְּתִמּוֹל־	וַיֵּלְכוּ	לִמְקוֹמָם	הַיַּרְדֵּן	מֵי־	וַיָּשֻׁבוּ	הֶחָרָבָה	אֶל	הַכֹּהֲנִים	רַגְלֵי	כַּפּוֹת
कल	और-गया	अपनी-जगह-पर	यरदन-का	पानी	और-लौटा	सूखी-भूमि	की-ओर	याजकों-के	पैरों-के	तलवे
H8543	H3212	H4725	H3383	H4325	H7725	H2724	H0413	H3548	H7272	H3709

גְּדוֹתָיו׃	כָּל־	עַל־	שִׁלְשֹׁום
उसके-तटों	सब	तक	परसों-की-तरह
H1415	H3605		H8032

याजकों ने यहोशू की आज्ञा मानी। वे सन्दूक को अपने साथ लेकर बाहर आए। जब याजकों के पैर ने नदी के दूसरी ओर की भूमि को स्पर्श किया, तब नदी का जल फिर बहने लगा। पानी फिर तटों को वैसे ही डुबाने लगा जैसा इन लोगों द्वारा नदी पार करने के पहले था।

בְּקָצֵה	בַּגִּלְגָּל	וַיַּחֲנוּ	הָרִאשׁוֹן	לַחֹדֶשׁ	בֶּעָשׂוֹר	הַיַּרְדֵּן	מִן־	עָלוּ	וְהָעָם		19
किनारे-पर	गिल्गाल-में	और-डेरा-डाला	पहले	महीने-के	दसवें-दिन	यरदन	से	चढ़े	और-लोग		
	H1537	H2583	H7223	H2320	H6218	H3383		H5927			

יְרִיחוֹ׃	מִזְרַח
यरीहो-के	पूर्व
H3405	H4217

लोगों ने यरदन नदी को पहले महीने के दसवें दिन पार किया। लोगों ने यरीहो के पूर्व गिलगाल में डेरा डाला।

יְהוֹשֻׁעַ	הֵקִים	הַיַּרְדֵּן	מִן־	לָקְחוּ	אֲשֶׁר	הָאֲבָנִים	הָאֵלֶּה	עֶשְׂרֵה	שְׁתֵּים	וְאֵת	20
यहोशू-ने	खड़ा-किया	यरदन	से	लिए-थे	जो	पत्थर	वे	दो	बारह	और-को	
H3091		H3383		H3947		H0068	H0428	H6240	H8147	H0853	

בַּגִּלְגָּל׃
गिल्गाल-में
H1537

लोग उन शिलाओं को अपने साथ ले चल रहे थे जिन्हें उन्होंने यरदन नदी से निकाला था ओर यहोशू ने उन शिलाओं को गिलगाल में स्थापित किया।

אֲבוֹתָם	אֶת־	מָחָר	בְּנֵיכֶם	יִשְׁאָלוּן	אֲשֶׁר	לֵאמֹר	יִשְׂרָאֵל	בְּנֵי	אֶל־	וַיֹּאמֶר	21
अपने-पिताओं	से	कल	तुम्हारे-पुत्र	पूछेंगे	जब	कहते-हुए	इस्राएल-के	पुत्रों	से	और-कहा	
H0001	H0853	H4279		H7592		H0559	H3478		H0413	H0559	

הָאֵלֶּה׃	הָאֲבָנִים	מָה	לֵאמֹר
ये	पत्थर	क्या	कहते-हुए
H0428	H0068	H4100	H0559

तब यहोशू ने लोगों से कहा, “भविष्य में तुम्हारे बच्चे अपने माता—पिता से पूछेंगे, ‘इन शिलाओं का क्या महत्व है?’

הַזֶּה׃	הַיַּרְדֵּן	אֶת־	יִשְׂרָאֵל	עָבַר	בַּיַּבָּשָׁה	לֵאמֹר	בְּנֵיכֶם	אֶת־	וְהוֹדַעְתֶּם	22
इस	यरदन	को	इस्राएल	पार-हुआ	सूखी-भूमि-पर	कहते-हुए	अपने-पुत्रों	को	और-बताना	
H2088	H3383	H0853	H3478		H3004	H0559		H0853	H3045	

तुम बच्चों को बताओगे, ‘ये शिलाएं हम लोगों को यह याद दिलाने में सहायता करती हैं कि इस्राएल के लोगों ने किस तरह सूखी भूमि पर से यरदन नदी को पार किया।’

23

עַד־	מִפְּנֵיכֶם	הַיַּרְדֵּן	מֵֽי	אֶת־	אֱלֹהֵיכֶם	יְהוָה	הוֹבִישׁ	אֲשֶׁר־	
तक	तुम्हारे-सामने-से	यरदन-का	पानी	को	तुम्हारे-परमेश्वर-ने	यहोवा-ने	सुखा-दिया	कि	
H5704	H6440	H3383	H4325	H0853	H0430	H3068	H3001		

מִפְּנֵינוּ	הוֹבִישׁ	אֲשֶׁר־	סוּף	לְיַם־	אֱלֹהֵיכֶם	יְהוָה	עָשָׂה	כַּאֲשֶׁר	עָבְרְכֶם
हमारे-सामने-से	सुखाया	जो	लाल	समुद्र-को	तुम्हारे-परमेश्वर-ने	यहोवा-ने	किया	जैसा	पार-करने-तुम्हारे
H6440	H3001		H5488	H3220	H0430	H3068			

עָבְרֵֽנוּ׃	עַד־
पार-करने-हमारे	तक
	H5704

तुम्हारे परमेश्वर यहोवा ने नदी के जल का बहना रोक दिया। नदी तब तक सूखी रही जब तक लोगों ने नदी को पार नहीं कर लिया। यहोवा ने यरदन नदी पर लोगों के लिये वही किया, जो उन्होंने लोगों के लिये लाल सागर पर किया था। याद करो कि यहोवा ने लाल सागर पर पानी का बहना इसलिए रोका था कि लोग उसे पार कर सकें।

24

לְמַעַן	הֵיא	חֲזָקָה	כִּי	יְהוָה	יַד־	אֶת־	הָאָרֶץ	עַמֵּי	כָּל־	דַּעַת	לְמַעַן
ताकि	वह-है	शक्तिशाली	कि	यहोवा-के	हाथ	को	पृथ्वी-के	लोग	सब	जानें	ताकि
H4616	H1931	H2389		H3068	H3027	H0853	H0776		H3605	H3045	H4616

ס	הַיָּמִים׃	כָּל־	אֱלֹהֵיכֶם	יְהוָה	אֶת־	יְרֵאתֶם
	दिनों	सब	तुम्हारे-परमेश्वर	यहोवा	से	डरो-तुम
	H3117	H3605	H0430	H3068	H0853	H3372

यहोवा ने यह इसलिए किया कि इस देश के सभी लोग जानें कि यहोवा महान शक्ति रखता है। जिससे लोग सदैव ही यहोवा तुम्हारे परमेश्वर से डरते रहें।"

Chapter 5

1

מַלְכֵי	וְכָל־	הָמֶּה	הַיַּרְדֵּן	בְּעֵבֶר	אֲשֶׁר	הָאֱמֹרִי	מַלְכֵי	כָּל־	כִּשְׁמֹעַ	וַיְהִי	
राजाओं	और-सब	पश्चिम	यरदन-के	पार	जो	एमोरी-के	राजाओं	सब	सुनते-समय	और-हुआ	
H4428	H3605	H3220	H3383	H5676		H0567	H4428	H3605	H8085	H1961	

מִפְּנֵי	הַיַּרְדֵּן	מֵֽי	אֶת־	יְהוָה	הוֹבִישׁ	אֲשֶׁר־	אֵת	הַיָּם	עַל־	אֲשֶׁר	הַכְּנַעֲנִי
सामने-से	यरदन-का	पानी	को	यहोवा-ने	सुखा-दिया	कि	को	समुद्र-के	पास	जो	कनानी-के
H6440	H3383	H4325	H0853	H3068	H3001		H0853	H3220			

בָּם	הָיָה	וְלֹא־	לִבָּם	וַיִּמַּס	)עָבְרָם(	]עברנו[	עַד־	יִשְׂרָאֵל	בְּנֵי־
उनमें	रही	और-नहीं	उनका-हृदय	और-पिघल-गया	पार-करने-उनके	पार-करने-हमारे	तक	इस्राएल-के	पुत्रों
H1961	H3808	H3824	H4549				H5704	H3478	

ס	יִשְׂרָאֵל׃	בְּנֵי־	מִפְּנֵי	רוּחַ	עוֹד
	इस्राएल-के	पुत्रों	सामने-से	आत्मा	फिर
	H3478		H6440	H7307	H5750

इस प्रकार, यहोवा ने यरदन नदी को तब तक सूखी रखा जब तक इस्राएल के लोगों ने उसे पार नहीं कर लिया। यरददन नदी के पश्चिम में रहने वाले एमोरी राजाओं और भूमध्य सागर के तट पर रहने वाले कनानी राजाओं ने इसके विषय में सुना और वे बहुत अधिक भयभीत हो गए। उसके बाद वे इस्राएल के लोगों के विरुद्ध युद्ध में खड़े रहने योग्य साहसी नहीं रह गए।

2

וְשׁוּב	צֻרִים	חַרְבוֹת	לְךָ	עֲשֵׂה	יְהוֹשֻׁעַ	אֶל־	יְהוָה	אָמַר	הַהִיא	בָּעֵת
और-फिर	चकमक-की	छुरियाँ	अपने-लिए	बना	यहोशू	से	यहोवा-ने	कहा	उस	समय-में
H7725	H6697	H2719			H3091	H0413	H3068	H0559	H1931	H6256

שֵׁנִית׃	יִשְׂרָאֵל	בְּנֵי־	אֶת־	מֹל
दूसरी-बार	इस्राएल-के	पुत्रों	को	खतना-कर
H8145	H3478		H0853	

उस समय, होवा ने यहोशू से कहा, “वज्रप्रस्तर के चाकू बनाओ और इस्राएल के लोगों का खतना फिर करो।”

3

אֶל־	יִשְׂרָאֵל	בְּנֵי	אֶת־	וַיָּמָל	צֻרִים	חַרְבוֹת	יְהוֹשֻׁעַ	לוֹ	וַיַּעַשׂ־
पर	इस्राएल-के	पुत्रों	को	और-खतना-किया	चकमक-की	छुरियाँ	यहोशू-ने	अपने-लिए	और-बनाया
H0413	H3478		H0853		H6697	H2719	H3091		

גִּבְעַת	הָעֲרָלוֹת׃
टीला	खलड़ियों-की
H1389	H6190

इसलिए यहोशू ने कठोर पत्थर के चाकू बनाए। तब उसने इस्राएल के लोगों का खतना गिबआत हाअरलोत में किया।

4

וְכֹל	הַזְּכָרִים	מִמִּצְרַיִם	הַיֹּצֵא	הָעָם	כָּל־	יְהוֹשֻׁעַ	מָל	אֲשֶׁר־	הַדָּבָר	וְזֶה
सब	पुरुष	मिस्र-से	निकले-हुए	लोग	सब	यहोशू-ने	खतना-किया	कि	बात	और-यह
H3605	H2145	H4714	H3318		H3605	H3091			H1697	H2088

מִמִּצְרָיִם׃	בְּצֵאתָם	בַּדֶּרֶךְ	בַּמִּדְבָּר	מֵתוּ	הַמִּלְחָמָה	אַנְשֵׁי
मिस्र-से	निकलते-समय-उनके	मार्ग-में	मरुभूमि-में	मर-गए	युद्ध-के	पुरुष
H4714	H3318	H1870		H4191	H4421	H0376

यही कारण है कि यहोशू ने उन सभी पुरुषों का खतना किया, जो इस्राएल के लोगों द्वारा मिस्र छोड़ने के बाद सेना में रहने की आयु के हो गए थे। मरुभूमि में रहते समय उन सैनिकों में से कई ने यहोवा की बात नहीं मानी थी। इसलिए यहोवा ने उन व्यक्तियों को अभिशाप दिया था कि वे “दूध और शहद की नदियों वाले देश” को नहीं देख पाएंगे। यहोवा ने हमारे पूर्वजों को वह देश देने का वचन दिया था, किन्तु इन व्यक्तियों के कारण लोगों को चालीस वर्ष तक मरुभूमि में भटकना पड़ा और इस प्रकार वे सब सैनिक समाप्त हो गए। वे सभी सैनिक नष्ट हो गए, और उनका स्थान उनके पुत्रों ने लिया। किन्तु मिस्र से होने वाली यात्रा में जितने बच्चे मरुभूमि में उत्पन्न हुए थे, उनमें से किसी का भी खतना नहीं हो सका था। इसलिए यहोशू ने उनका खतना किया।

5

בַּדֶּרֶךְ	בַּמִּדְבָּר	הַיְלוּדִים	הָעָם	וְכָל־	הַיֹּצְאִים	הָעָם	כָּל־	הָיוּ	מֻלִים	כִּי־
मार्ग-में	मरुभूमि-में	जन्मे-हुए	लोग	और-सब	निकले-हुए	लोग	सब	थे	खतना-किए-हुए	क्योंकि
H1870		H3209		H3605	H3318		H3605	H1961		

מָלוּ׃	לֹא־	מִמִּצְרַיִם	בְּצֵאתָם
खतना-किए-गए-थे	नहीं	मिस्र-से	निकलते-समय-उनके
	H3808	H4714	H3318

यही कारण है कि यहोशू ने उन सभी पुरुषों का खतना किया, जो इस्राएल के लोगों द्वारा मिस्र छोड़ने के बाद सेना में रहने की आयु के हो गए थे। मरुभूमि में रहते समय उन सैनिकों में से कई ने यहोवा की बात नहीं मानी थी। इसलिए यहोवा ने उन व्यक्तियों को अभिशाप दिया था कि वे “दूध और शहद की नदियों वाले देश” को नहीं देख पाएंगे। यहोवा ने हमारे पूर्वजों को वह देश देने का वचन दिया था, किन्तु इन व्यक्तियों के कारण लोगों को चालीस वर्ष तक मरुभूमि में भटकना पड़ा और इस प्रकार वे सब सैनिक समाप्त हो गए। वे सभी सैनिक नष्ट हो गए, और उनका स्थान उनके पुत्रों ने लिया। किन्तु मिस्र से होने वाली यात्रा में जितने बच्चे मरुभूमि में उत्पन्न हुए थे, उनमें से किसी का भी खतना नहीं हो सका था। इसलिए यहोशू ने उनका खतना किया।

6

אַנְשֵׁי	הַגּוֹי	כָּל־	תֹּם	עַד־	בַּמִּדְבָּר	יִשְׂרָאֵל	בְּנֵי־	הָלְכוּ	שָׁנָה	אַרְבָּעִים	וְכִי
पुरुष	जाति	सारी	समाप्त	तक	मरुभूमि-में	इस्राएल-के	पुत्र	चले	वर्ष	चालीस	क्योंकि
H0376		H3605	H8552	H5704		H3478		H1980	H8141	H0705	

נִשְׁבָּע	אֲשֶׁר	יְהוָה	בְּקוֹל	שָׁמְעוּ	לֹא־	אֲשֶׁר	מִמִּצְרַיִם	הַיֹּצְאִים	הַמִּלְחָמָה
शपथ-खाई-थी	जिनको	यहोवा-की	आवाज-की	सुना	नहीं	जिन्होंने	मिस्र-से	निकले-हुए	युद्ध-के
H7650		H3068		H8085	H3808		H4714	H3318	H4421

לַאֲבוֹתָם	יְהוָה	נִשְׁבַּע	אֲשֶׁר	הָאָרֶץ	אֶת־	הַרְאוֹתָם	לְבִלְתִּי	לָהֶם	יְהוָה
उनके-पूर्वजों-से	यहोवा-ने	शपथ-खाई-थी	जो	देश	को	दिखाने-के-लिए	नहीं	उनसे	यहोवा-ने
H0001	H3068	H7650		H0776	H0853	H7200	H1115		H3068

וּדְבָשׁ׃	חָלָב	זָבַת	אֶרֶץ	לָנוּ	לָתֶת
और-शहद	दूध	बहती	देश	हमें	देने-की
H1706	H2461	H2100	H0776		H5414

यही कारण है कि यहोशू ने उन सभी पुरुषों का खतना किया, जो इस्राएल के लोगों द्वारा मिस्र छोड़ने के बाद सेना में रहने की आयु के हो गए थे। मरुभूमि में रहते समय उन सैनिकों में से कई ने यहोवा की बात नहीं मानी थी। इसलिए यहोवा ने उन व्यक्तियों को अभिशाप दिया था कि वे “दूध और शहद की नदियों वाले देश” को नहीं देख पाएंगे। यहोवा ने हमारे पूर्वजों को वह देश देने का वचन दिया था, किन्तु इन व्यक्तियों के कारण लोगों को चालीस वर्ष तक मरुभूमि में भटकना पड़ा और इस प्रकार वे सब सैनिक समाप्त हो गए। वे सभी सैनिक नष्ट हो गए, और उनका स्थान उनके पुत्रों ने लिया। किन्तु मिस्र से होने वाली यात्रा में जितने बच्चे मरुभूमि में उत्पन्न हुए थे, उनमें से किसी का भी खतना नहीं हो सका था। इसलिए यहोशू ने उनका खतना किया।

7

כִּי	הָיוּ	עֲרֵלִים	כִּי־	יְהוֹשֻׁעַ	מָל	אֹתָם	תַּחְתָּם	הֵקִים	וְאֶת־בְּנֵיהֶם
क्योंकि	थे	खलड़ी	क्योंकि	यहोशू–ने	खतना–किया	उनको	उनकी–जगह	उठाया	और–को उनके–पुत्रों
H1961	H6189			H3091		H0853	H8478		H0853

לֹא־	מָלוּ	אוֹתָם	בַּדָּרֶךְ׃
नहीं	खतना–किए–गए–थे	उनका	मार्ग–में
H3808		H0853	H1870

यही कारण है कि यहोशू ने उन सभी पुरुषों का खतना किया, जो इस्राएल के लोगों द्वारा मिस्र छोड़ने के बाद सेना में रहने की आयु के हो गए थे। मरुभूमि में रहते समय उन सैनिकों में से कई ने यहोवा की बात नहीं मानी थी। इसलिए यहोवा ने उन व्यक्तियों को अभिशाप दिया था कि वे "दूध और शहद की नदियों वाले देश" को नहीं देख पाएंगे। यहोवा ने हमारे पूर्वजों को वह देश देने का वचन दिया था, किन्तु इन व्यक्तियों के कारण लोगों को चालीस वर्ष तक मरुभूमि में भटकना पड़ा और इस प्रकार वे सब सैनिक समाप्त हो गए। वे सभी सैनिक नष्ट हो गए, और उनका स्थान उनके पुत्रों ने लिया। किन्तु मिस्र से होने वाली यात्रा में जितने बच्चे मरुभूमि में उत्पन्न हुए थे, उनमें से किसी का भी खतना नहीं हो सका था। इसलिए यहोशू ने उनका खतना किया।

8

עַד	בְּמַחֲנֶה	תַּחְתָּם	וַיֵּשְׁבוּ	לְהִמּוֹל	הַגּוֹי	כָּל־	תָּמּוּ	כַּאֲשֶׁר־	וַיְהִי
तक	छावनी–में	अपनी–जगह	और–रहे	खतना–करना	जाति	सारी	समाप्त–हुई	जब	और–हुआ
H5704	H4264	H8478	H3427			H3605	H8552		H1961

פ	חַיּוֹתָם׃	
	चंगा–होने–उनके	
	H2421	

यहोशू ने सभी पुरुषों का खतना पूरा किया। वे तब तक डेरे में रहे, जब तक स्वस्थ नहीं हुए।

9

וַיִּקְרָא	מֵעֲלֵיכֶם	מִצְרַיִם	חֶרְפַּת	אֶת־	גַּלּוֹתִי	הַיּוֹם	יְהוֹשֻׁעַ	אֶל־	יְהוָה
और–पुकारा	तुमसे–ऊपर	मिस्र–का	अपमान	को	हटा–दिया–मैंने	आज	यहोशू	से	यहोवा–ने
H7121		H4714	H2781	H0853	H1556	H3117	H3091	H0413	H3068

וַיֹּאמֶר	הַמָּקוֹם	הַהוּא	גִּלְגָּל	עַד	הַיּוֹם	הַזֶּה׃
और–कहा	स्थान	उस	गिल्गाल	तक	दिन	इस
H0559	H4725	H1931	H1537	H5704	H3117	H2088

שֵׁם	
नाम	
H8034	

उस समय यहोवा ने यहोशू से कहा, "जब तुम मिस्र में दास थे तब तुम लज्जित थे। किन्तु आज मैंने तुम्हारी वह लज्जा दूर कर दी है।" इसलिए यहोशू ने उस स्थान का नाम गिलगाल रखा और वह स्थान आज भी गिलगाल कहा जाता है।

10

יוֹם	עָשָׂר	בְּאַרְבָּעָה	הַפֶּסַח	אֶת־	וַיַּעֲשׂוּ	בַּגִּלְגָּל	יִשְׂרָאֵל	בְּנֵי־	וַיַּחֲנוּ
दिन	दस	चौदहवें	फसह	को	और–मनाया	गिल्गाल–में	इस्राएल–के	पुत्रों–ने	और–डेरा–डाला
H3117	H6240	H0702	H6453	H0853		H1537	H3478		H2583

יְרִיחוֹ׃	בְּעַרְבוֹת	בָּעֶרֶב	לַחֹדֶשׁ
यरीहो–के	मैदानों–में	शाम–को	महीने–के
H3405	H6160	H6153	H2320

जिस समय इस्राएल के लोग यरीहो के मैदान में गिलगाल के स्थान पर डेरा डाले थे, वे फसह पर्व मना रहे थे। यह महीने के चौदहवें दिन की सन्धया को था।

11

הַזֶּה׃	הַיּוֹם	בְּעֶצֶם	וְקָלְיוֹ	מַצּוֹת	הַפֶּסַח	מִמָּחֳרַת	הָאָרֶץ	מֵעֲבוּר	וַיֹּאכְלוּ
इस	दिन–में	ठीक	और–भुना–हुआ–अनाज	अखमीरी–रोटी	फसह–के	दूसरे–दिन	देश–की	उपज–से	और–खाया
H2088	H3117	H6106	H7033	H4682	H6453	H4283	H0776	H5669	H0398

फसह पर्व के बाद, अगले दिन लोगों ने वह भोजन किया जो उस भूमि पर उगाया गया था। उन्होंने अखमीरी रोटी और भुने अन्न खाए।

12

לִבְנֵי	עוֹד	הָיָה	וְלֹא־	הָאָרֶץ	מֵעֲבוּר	בְּאָכְלָם	מִמָּחֳרָת	הַמָּן	וַיִּשְׁבֹּת
पुत्रों–को	फिर	था	और–नहीं	देश–की	उपज–से	खाते–समय–उनके	दूसरे–दिन	मन्ना	और–रुक–गया
	H5750	H1961	H3808	H0776	H5669	H0398	H4283		

ס	הַהִיא׃	בַּשָּׁנָה	כְּנַעַן	אֶרֶץ	מִתְבוּאַת	וַיֹּאכְלוּ	מָן	יִשְׂרָאֵל
	उस	वर्ष–में	कनान–के	देश	उपज–से	और–खाया	मन्ना	इस्राएल–के
	H1931	H8141		H0776	H8393	H0398		H3478

उस दिन जब लोगों ने वह भोजन कर लिया, उसके बाद स्वर्ग से विशेष भोजन आना बन्द हो गया। उसके बाद, इस्राएल के लोगों ने स्वर्ग से विशेष भोजन न पाया। उसके बाद उन्होंने वही भोजन खाया जो कनान में पैदा किया गया था।

13 וַיְהִי בִּהְיוֹת יְהוֹשֻׁעַ בִּירִיחוֹ וַיִּשָּׂא עֵינָיו וַיַּרְא וְהִנֵּה־ אִישׁ עֹמֵד
और-हुआ होते-समय यहोशू में-यरीहो और-उठाई आँखें-अपनी और-देखा और-देखो पुरुष खड़ा-हुआ
H1961 H1961 H3091 H3405 H5375 H7200 H2009 H0376 H5975

לְנֶגְדּוֹ וְחַרְבּוֹ שְׁלוּפָה בְּיָדוֹ וַיֵּלֶךְ יְהוֹשֻׁעַ אֵלָיו וַיֹּאמֶר לוֹ
उसके-सामने और-उसकी-तलवार खिंची-हुई उसके-हाथ-में और-गया यहोशू उसके-पास और-कहा उससे
H5048 H2719 H8025 H3027 H3212 H3091 H0413 H0559

הֲלָנוּ אַתָּה אִם־ לְצָרֵינוּ׃
क्या-हमारे-लिए तू या हमारे-शत्रुओं-के-लिए

जब यहोशू यरीहो के निकट था तब उसने ऊपर आँख उठायी और उसने अपने सामने एक व्यक्ति को देखा। उस व्यक्ति के हाथ में तलवार थी। यहोशू उस व्यक्ति के पास गया और उससे पूछा, “क्या तुम हमारे मित्रों में से कोई हो या हमारे शत्रुओं में से?”

14 וַיֹּאמֶר לֹא כִּי אֲנִי שַׂר־ צְבָא יְהוָה עַתָּה בָּאתִי וַיִּפֹּל יְהוֹשֻׁעַ אֶל־
और-कहा नहीं क्योंकि मैं सेनापति सेना-की यहोवा अब आया-हूँ और-गिरा यहोशू पर
H0559 H3808 H0589 H8269 H6258 H0935 H5307 H3091 H0413

פָּנָיו אַרְצָה וַיִּשְׁתָּחוּ וַיֹּאמֶר לוֹ מָה אֲדֹנָי מְדַבֶּר עַבְדּוֹ׃ אֶל־
मुख-अपना भूमि-पर और-दण्डवत-किया और-कहा उससे क्या मेरे-प्रभु बोलता-है से अपने-दास से
H6440 H0776 H7812 H0559 H4100 H0136 H1696 H0413 H5650

उस व्यक्ति ने उत्तर दिया, “मैं शत्रु नहीं हूँ। मैं यहोवा की सेना का एक सेनापति हूँ। मैं अभी—अभी तुम्हारे पास आया हूँ।” तब यहोशू न अपना सिर भूमि तक झुकाया। यह उसने सम्मान प्रकट करने के लिए किया। उसने पूछा, “क्या मेरे स्वामी का मुझ दास के लिए कोई आदेश है?”

15 וַיֹּאמֶר כִּי רַגְלְךָ מֵעַל נְעָלֶךָ שַׁל־ יְהוֹשֻׁעַ אֶל־ יְהוָה צְבָא שַׂר־ וַיֹּאמֶר
और-कहा क्योंकि पैर-अपने ऊपर-से जूती-अपनी उतार यहोशू से यहोवा-की सेना सेनापति-ने और-कहा
H0559 H7272 H5275 H5394 H3091 H0413 H3068 H8269

כֵּן׃ יְהוֹשֻׁעַ וַיַּעַשׂ הוּא קֹדֶשׁ עָלָיו עֹמֵד אַתָּה אֲשֶׁר הַמָּקוֹם
वैसा यहोशू-ने और-किया है-वह पवित्र उस-पर खड़ा-है तू जहाँ स्थान
H3091 H1931 H6944 H5975 H4725

यहोवा की सेना के सेनापति ने उत्तर दिया, “अपने जूते उतारो। जिस स्थान पर तुम खड़े हो वह स्थान पवित्र है।” इसलिए यहोशू ने उसकी आज्ञा मानी।

Chapter 6

ס 1 בָּא׃ וְאֵין יוֹצֵא אֵין יִשְׂרָאֵל בְּנֵי מִפְנֵי וּמְסֻגֶּרֶת סֻגֶּרֶת וִירִיחוֹ
आता-है और-नहीं निकलता-है नहीं इस्राएल-के पुत्रों सामने-से और-तालाबंद बंद और-यरीहो
H0935 H0369 H3318 H0369 H3478 H6440 H5462 H5462 H3405

यरीहो नगर के द्वार बन्द थे। उस नगर के लगो भयभीत थे क्योंकि इस्राएल के लोग निकट थे। कोई नगर में नहीं जा रहा था और कोई नगर से बाहर नहीं आ रहा था।

2 וַיֹּאמֶר יְהוָה אֶל־ יְהוֹשֻׁעַ רְאֵה נָתַתִּי בְיָדְךָ אֶת־ וְאֶת־ יְרִיחוֹ מַלְכָּהּ
और-कहा यहोवा-ने से यहोशू देख दिया-है-मैंने तेरे-हाथ-में को और-को यरीहो उसके-राजा
H0559 H3068 H0413 H3091 H7200 H5414 H3027 H0853 H0853 H3405 H4428

גִּבּוֹרֵי הֶחָיִל׃
वीर योद्धा-के
H1368 H2428

तब यहोवा ने यहोशू से कहा, “देखो, मैंने यरीहो नगर को तुम्हारे अधिकार में दे दिया है। इसका राजा और इसके सारे सैनिक तुम्हारे अधीन हैं।

3 וְסַבֹּתֶם אֶת־הָעִיר כָּל־אַנְשֵׁי הַמִּלְחָמָה הַקֵּיף אֶת־הָעִיר אַחַת כֹּה
और-घेरना को-नगर सब-पुरुष युद्ध-के चक्कर-लगाना को नगर एक ऐसे
H5437 H0853 H3605 H0376 H4421 H2790 H0853 H0259 H3541

תַּעֲשֶׂה שֵׁשֶׁת יָמִים׃
करना छह दिन
H6213 H8337 H3117

हर एक दिन अपनी सेना के साथ नगर के चारों ओर अपना बल प्रदर्शन करो। यह छ: दिन तक करो।

4 וְשִׁבְעָה כֹהֲנִים יִשְׂאוּ שִׁבְעָה שׁוֹפְרוֹת הַיּוֹבְלִים לִפְנֵי הָאָרוֹן וּבַיּוֹם הַשְּׁבִיעִי תָּסֹבּוּ
और-सात याजक उठाएँगे सात नरसिंगे मेढ़े-के-सींग-के आगे संदूक-के और-दिन-में सातवें घेरना
H7651 H3548 H5375 H7651 H7782 H3104 H6440 H0727 H3117 H7637 H5437

בַּשּׁוֹפָרוֹת׃ יִתְקְעוּ וְהַכֹּהֲנִים פְּעָמִים שֶׁבַע הָעִיר אֶת־
नरसिंगों-में बजाएँगे और-याजक बार सात नगर को
H7782 H8628 H3548 H6471 H7651 H0853

5 וְהָיָה בִּמְשֹׁךְ [בשמעכם] (כִּשְׁמָעֲכֶם) בְּקֶרֶן הַיּוֹבֵל הַשּׁוֹפָר קוֹל אֶת־
और-होगा खींचते-समय सींग मेढ़े-के नरसिंगे-की आवाज को
H1961 H4900 H7161 H3104 H8085 H8085 H7782 H0853

יָרִיעוּ
ललकारेंगे
H7321

וְעָלוּ הָעָם כָּל־ תַּחְתֶּיהָ הָעִיר חוֹמַת וְנָפְלָה גְּדוֹלָה תְּרוּעָה הָעָם כָּל־
और-चढ़ेंगे उसके-नीचे नगर-की दीवार और-गिरेगी बड़ी ललकार लोग सब
H5927 H8478 H5892 H2346 H5307 H1419 H8643 H5971 H3605

אִישׁ נֶגְדּוֹ׃
पुरुष अपने-सामने
H0376 H5048

याजक तुरहियों से प्रचन्ड ध्वनि करेंगे। जब तुम वह ध्वनि सुनो तो तुम सब लोगों से गर्जन आरम्भ करने को कहो। जब तुम ऐसा करोगे तो नगर की दीवारें गिर जाएंगी। तब तुम्हारे लोग सीधे नगर में जाएंगे।”

6 וַיִּקְרָא יְהוֹשֻׁעַ בִּן־ נוּן אֶל־ הַכֹּהֲנִים וַיֹּאמֶר אֲלֵהֶם שְׂאוּ אֶת־ אֲרוֹן הַבְּרִית
और-बुलाया यहोशू-ने पुत्र नून-के को याजकों और-कहा उठाओ को संदूक वाचा-की
H7121 H3091 H1121 H5126 H0413 H3548 H0559 H0413 H5375 H0853 H0727 H1285

וְשִׁבְעָה כֹהֲנִים יִשְׂאוּ שִׁבְעָה שׁוֹפְרוֹת יוֹבְלִים לִפְנֵי אֲרוֹן יְהוָה׃
और-सात याजक उठाएँ सात नरसिंगे मेढ़े-के-सींग-के आगे संदूक यहोवा-के
H7651 H3548 H5375 H7651 H7782 H3104 H6440 H0727 H3068

इस प्रकार नून के पुत्र यहोशू ने याजकों को इकट्ठा किया। यहोशू ने उनसे कहा, “यहोवा के पवित्र सन्दूक को ले चलो और सात याजकों को तुरही ले चलने को कहो। उन याजकों को सन्दूक के सामने चलना चाहिए।”

7 [ויאמרו] (וַיֹּאמֶר) אֶל־ הָעָם עִבְרוּ וְסֹבּוּ אֶת־ הָעִיר וְהֶחָלוּץ יַעֲבֹר לִפְנֵי אֲרוֹן
और-कहा और-कहा से लोगों जाओ और-घेरो को नगर और-सशस्त्र जाए आगे संदूक
H0559 H0559 H0413 H5971 H5437 H0853 H2502 H5674 H6440 H0727

יְהוָה׃
यहोवा-के
H3068

तब यहोशू ने लोगों को आदेश दिया, “जाओ! और नगर के चारों ओर बल परिक्रमा करो। अस्त्र—शस्त्र वाले सैनिक यहोवा के पवित्र सन्दूक के आगे चलें।”

שׁוֹפְרוֹת	שִׁבְעָה	נֹשְׂאִים	הַכֹּהֲנִים	וְשִׁבְעָה	הָעָם	אֶל־	יְהוֹשֻׁעַ	כֶּאֱמֹר	וַיְהִי	8
नरसिंगे	सात	उठाते-हुए	याजक	और-सात	लोगों	से	यहोशू-के	कहते-समय	और-हुआ	
H7782	H7651	H5375	H3548	H7651		H0413	H3091	H0559	H1961	

הֹלֵךְ	יְהוָה	בְּרִית	וַאֲרוֹן	בַּשּׁוֹפָרוֹת	וְתָקְעוּ	עָבְרוּ	יְהוָה	לִפְנֵי	הַיּוֹבְלִים
जा-रहा-था	यहोवा-की	वाचा	और-संदूक	नरसिंगों-में	और-बजा-रहे-थे	जा-रहे-थे	यहोवा-के	आगे	मेढ़े-के-सींग-के
H1980	H3068	H1285	H0727	H7782	H8628		H3068	H6440	H3104

אַחֲרֵיהֶם׃
उनके-पीछे

जब यहोशू ने लोगों से बोलना पूरा किया तो यहोवा के सामने सात याजकों ने चलना आरम्भ किया। वे सात तुरहियाँ लिए हुए थे। चलते समय वे तुरहियाँ बजा रहे थे। यहोवा के सन्दूक को लेकर चलने वाले याजक उनके पीछे चल रहे थे।

אַחֲרֵי	הֹלֵךְ	וְהַמְאַסֵּף	הַשּׁוֹפָרוֹת	)תּקעי(	]תקעון[	הַכֹּהֲנִים	לִפְנֵי	הֹלֵךְ	וְהֶחָלָוּץ	9
पीछे	जा-रहे-थे	और-पछला	नरसिंगों	बजाने-वाले	बजाने-वाले	याजकों-के	आगे	जा-रहे-थे	और-सशस्त्र	
	H1980	H0622	H7782	H8628	H8628	H3548	H6440	H1980		

בַּשּׁוֹפָרוֹת׃	וְתָקוֹעַ	הָלוֹךְ	הָאָרוֹן	
नरसिंगों-में	और-बजाते-हुए	जाते-हुए	संदूक-के	
H7782	H8628	H1980	H0727	

अस्त्र—शस्त्र धारी सैनिक याजकों के आगे चल रहे थे। पवित्र सन्दूक के पीछे चलन वाले लोग तुरही बजा रहे थे तथ कदम मिला रहे थे।

קוֹלְכֶם	אֶת־	תַּשְׁמִיעוּ	וְלֹא־	תָּרִיעוּ	לֹא	לֵאמֹר	יְהוֹשֻׁעַ	צִוָּה	הָעָם	וְאֶת־	10
अपनी-आवाज	को	सुनाना	और-नहीं	ललकारना	नहीं	कहते-हुए	यहोशू-ने	आज्ञा-दी	लोगों	और-को	
	H0853	H8085	H3808	H7321	H3808	H0559	H3091	H6680		H0853	

וַהֲרִיעֹתֶם׃	הָרִיעוּ	אֲלֵיכֶם	אֹמְרִי	יוֹם	עַד	דָּבָר	מִפִּיכֶם	יֵצֵא	וְלֹא־
और-ललकारोगे-तुम	ललकारो	तुमसे	कहने-मेरे	दिन	तक	शब्द	तुम्हारे-मुख-से	निकले	और-नहीं
H7321	H7321	H0413	H0559	H3117	H5704	H1697	H6310	H3318	H3808

किन्तु यहोशू ने लोगों से कहा था कि युद्ध की ललकार न दें। उसने कहा, “ललकारो नहीं। उस दिन तक तुम कोई ललकार न दो, जिस दिन तक मैं न कहूँ। मेरे कहने के समय तुम ललकार सकते हो!”

וַיָּלִינוּ	הַמַּחֲנֶה	וַיָּבֹאוּ	אֶחָת	פַּעַם	הַקֵּף	הָעִיר	אֶת־	יְהוָה	אֲרוֹן־	וַיָּסָב	11
और-ठहरे	छावनी-में	और-आए	एक	बार	चक्कर-लगाकर	नगर	को	यहोवा-के	संदूक-ने	और-घुमाया	
H4264		H0935	H0259	H6471			H0853	H3068	H0727	H5437	

בַּמַּחֲנֶה׃	פ
छावनी-में	
H4264	

इसलिए यहोशू न याजकों को यहोवा के पवित्र सन्दूक को नगर के चारों ओर ले जाने का आदेश दिया। तब वे अपने डेरे में लौट गए और रात भर वहीं ठहरे।

יְהוָה׃	אֲרוֹן	אֶת־	הַכֹּהֲנִים	וַיִּשְׂאוּ	בַּבֹּקֶר	יְהוֹשֻׁעַ	וַיַּשְׁכֵּם	12
यहोवा-के	संदूक	को	याजकों-ने	और-उठाया	सुबह-में	यहोशू	और-जल्दी-उठा	
H3068	H0727	H0853	H3548	H5375	H1242	H3091	H7925	

दूसरे दिन, सवेरे यहोशू उठा। याजक फिर यहोवा के पवित्र सन्दूक को लेकर चल

וְשִׁבְעָה הַכֹּהֲנִים נֹשְׂאִים שִׁבְעָה שׁוֹפְרוֹת הַיֹּבְלִים לִפְנֵי אֲרוֹן יְהוָה הַלֹּוְכִים הָלוֹךְ 13
और-सात याजक उठाते-हुए सात नरसिंगे मेढ़े-के-सींग-के आगे संदूक यहोवा-के जाते-हुए जाते-हुए
H7651 H3548 H5375 H7651 H7782 H3104 H6440 H0727 H3068 H1980 H1980

וְתֹקְעִו בַּשּׁוֹפָרוֹת וְהֶחָלוּץ הֹלֵךְ לִפְנֵיהֶם וְהַמְאַסֵּף אַחֲרֵי אֲרוֹן יְהוָה הֹלֵךְ
और-बजा-रहे-थे नरसिंगों-में और-सशस्त्र जा-रहे-थे उनके-आगे और-पछला पीछे संदूक यहोवा-के जा-रहे-थे
H8628 H7782 H2502 H1980 H6440 H0622 H0310 H0727 H3068 H1980

הולך] (הָלוֹךְ וְתֹקְעִו בַּשּׁוֹפָרוֹת׃
जाते-हुए और-बजाते-हुए नरसिंगों-में
H1980 H8628 H7782

और सातों याजक सात तुरहियाँ लेकर चले। वे यहोवा के पवित्र सन्दूक के सामने तुरहियाँ बजाते हुए कदम से कदम मिला रहे थे। उनके सामने अस्त्र—शस्त्र धारी सैनिक चल रहे थे। यहोवा के सन्दूक के पीछे चलने वाले सैनिक याजक तुरहियाँ बजाते हुए कदम मिला रहे थे।

וַיָּסֹבּוּ אֶת־ הָעִיר בַּיּוֹם הַשֵּׁנִי פַּעַם אַחַת וַיָּשֻׁבוּ הַמַּחֲנֶה כֹּה עָשׂוּ שֵׁשֶׁת יָמִים׃ 14
और-घेरा को नगर दूसरे दिन-में एक बार और-लौटे छावनी-में ऐसे किया छह दिन
H5437 H0853 H5892 H8145 H3117 H0259 H6471 H7725 H4264 H3541 H8337 H3117

इसलिए दूसरे दिन, उन सब ने एक बार नगर के चारों ओर चक्कर लगाया और तब वे अपने डेरों मे लौट गए। उन्होंने लगातार छ: दिन तक यह किया।

וַיְהִי בַּיּוֹם הַשְּׁבִיעִי וַיַּשְׁכִּמוּ כַּעֲלוֹת הַשַּׁחַר וַיָּסֹבּוּ אֶת־ הָעִיר כַּמִּשְׁפָּט 15
और-हुआ सातवें दिन-में और-जल्दी-उठे चढ़ते-समय भोर-के और-घेरा को नगर नियम-के-अनुसार
H1961 H7637 H3117 H7925 H5927 H7837 H5437 H0853 H5892 H4941

הַזֶּה שֶׁבַע פְּעָמִים בַּיּוֹם הַהוּא סָבְבוּ אֶת־ הָעִיר שֶׁבַע פְּעָמִים׃
इस सात बार दिन-में उस घेरा को नगर सात बार
H2088 H7651 H6471 H3117 H1931 H5437 H0853 H5892 H7651 H6471

सातवें दिन वे भोर में उठे और उन्होंने नगर के चारों ओर सात चक्कर लगाए। उन्होंने उसी प्रकार नगर का चक्कर लगाया जिस तरह वे उसके पहले लगा चुके थे, किन्तु उस दिन उन्होंने सात चक्कर लगाए।

וַיְהִי בַּפַּעַם הַשְּׁבִיעִית תָּקְעוּ הַכֹּהֲנִים בַּשּׁוֹפָרוֹת וַיֹּאמֶר יְהוֹשֻׁעַ אֶל־ הָעָם הָרִיעוּ 16
और-हुआ बार-में सातवीं बजाया याजकों-ने नरसिंगों-में और-कहा यहोशू-ने से लोगों ललकारो
H1961 H6471 H7637 H8628 H3548 H7782 H0559 H3091 H0413 H5892 H7321

כִּי־ נָתַן יְהוָה לָכֶם אֶת־ הָעִיר׃
क्योंकि दिया-है यहोवा-ने तुम्हें को नगर
H5414 H3068 H0853 H5892

सातवीं बार जब उन्होंने नगर का चक्कर लगाया तो याजकों ने अपनी तुरहीयाँ बजाई। उस समय यहोशू ने आदेश दियाः “अब निनाद करो! यहोवा ने यह नगर तुम्हें दिया है!

וְהָיְתָה הָעִיר חֵרֶם הִיא וְכָל־ אֲשֶׁר־ בָּהּ לַיהוָה רַק רָחָב הַזּוֹנָה תִּחְיֶה 17
और-होगा नगर शापित वह और-सब जो उसमें केवल राहाब वेश्या जीवित-रहे
H1961 H5892 H2764 H1931 H3605 H0834 H1931 H7535 H7343 H2181 H2421

הִיא וְכָל־ אֲשֶׁר אִתָּהּ בַּבַּיִת כִּי הֶחְבְּאָתָה אֶת־ הַמַּלְאָכִים אֲשֶׁר שָׁלָחְנוּ׃
वह और-सब जो उसके-साथ घर-में क्योंकि छिपाया-उसने को दूतों जिन्हें भेजा-था-हमने
H1931 H3605 H0854 H1004 H3824 H2244 H0853 H4397 H0834 H7971

नगर और इसमें की हर एक चीज यहोवा की हैं। केवल वेश्या राहाब और उसके घर में रहने वाले लोग ही जीवित रहेंगे। ये मारे नहीं जाने चाहिए क्योंकि राहाब ने उन दो गुप्तचरों की सहायता की थी, जिन्हें हमने भेजा था।

וְרַק־ אַתֶּם שִׁמְרוּ מִן־ הַחֵרֶם פֶּן־ תַּחֲרִימוּ וּלְקַחְתֶּם מִן־ הַחֵרֶם וְשַׂמְתֶּם אֶת־ מַחֲנֵה יִשְׂרָאֵל לְחֵרֶם עֲכַרְתֶּם אוֹתוֹ׃ 18
और-केवल तुम बचो से शापित-वस्तु कहीं शापित-करोगे और-लोगे-तुम से शापित-वस्तु और-बनाओगे को छावनी इस्राएल-की शापित-के-लिए और-दुखी-करोगे उसे
H7535 H0859 H8104 H2764 H6435 H2763 H3947 H4480 H2764 H7760 H0853 H4264 H3478 H2764 H5916 H0853

यह भी याद रखो कि हमें इसके अतिरिक्त सभी चीज़ों को नष्ट करनी हैं। उन चीजों को मत लो। यदि तुम उन चीज़ों को लेते हो और अपने डेरों में लाते हो तो तुम स्वयं नष्ट हो जाओगे और तुम अपने सभी इस्राएली लोगों पर भी मुसीबत लाओगे

19

אוֹצַר	לַיהוָה	הוּא	קֹדֶשׁ	וּבַרְזֶל	נְחֹשֶׁת	וּכְלֵי	וְזָהָב	כֶּסֶף	וְכָל
खजाने-में	यहोवा-के-लिए	है-वह	पवित्र	और-लोहे-की	ताँबे-की	और-वस्तुएँ	और-सोना	चाँदी	और-सब
H0214	H3068	H1931	H6944	H1270		H3627	H2091	H3701	H3605

יְהוָה׃	יָבֹוא
यहोवा-के	आएगा
H3068	H0935

सभी चाँदी, सोने, काँसे तथा लोहे की बनी चीजें यहोवा की हैं। ये चीज़ें यहोवा के खजाने में ही रखी जानी चाहिए।"

20

הַשֹּׁפָר	קוֹל	אֶת־	הָעָם	כִּשְׁמֹעַ	וַיְהִי	בַּשְּׁפָרוֹת	וַיִּתְקְעוּ	הָעָם	וַיָּרַע
नरसिंगे-की	आवाज	को	लोगों-ने	सुनते-समय	और-हुआ	नरसिंगों-में	और-बजाया	लोगों-ने	और-ललकारे
H7782		H0853		H8085	H1961	H7782	H8628		H7321

אִישׁ	הָעִירָה	הָעָם	וַיַּעַל	תַּחְתֶּיהָ	הַחוֹמָה	וַתִּפֹּל	גְּדוֹלָה	תְרוּעָה	הָעָם	וַיָּרִיעוּ
पुरुष	नगर-में	लोग	और-चढ़े	उसके-नीचे	दीवार	और-गिरी	बड़ी	ललकार	लोगों-ने	और-ललकारे
H0376			H5927	H8478	H2346	H5307		H8643		H7321

הָעִיר׃	אֶת־	וַיִּלְכְּדוּ	נֶגְדּוֹ
नगर	को	और-ले-लिया	अपने-सामने
	H0853	H3920	H5048

याजकों ने तुरहियाँ बजाई। लोगों ने तुरहियों की आवाज सुनी ओर ललकार लगानी आरम्भ की। दीवारें गिरीं और लोग सीधे नगर में दौड़ पड़े। इस प्रकार इस्राएल के लोगों ने नगर को हराया।

21

זָקֵן	וְעַד־	מִנַּעַר	אִשָּׁה	וְעַד־	מֵאִישׁ	בָּעִיר	אֲשֶׁר	כָּל־	אֶת־	וַיַּחֲרִימוּ
बूढ़े	और-तक	बालक-से	स्त्री	और-तक	पुरुष-से	नगर-में	जो	सब	को	और-नाश-किया
H2205	H5704	H5288	H0802	H5704	H0376			H3605	H0853	

חָרֶב׃	לְפִי־	וַחֲמוֹר	וָשֶׂה	שׁוֹר	וְעַד	
तलवार-की	धार-से	और-गधा	और-भेड़	बैल	और-तक	
H2719	H6310	H2543	H7716	H7794	H5704	

लोगों ने नगर की हर एक चीज़ नष्ट की। उन्होंने वहाँ के हर एक जीवित प्राणी को नष्ट किया। उन्होंने युवक, वृद्ध, युवतियों, वृद्धाओं, भेड़ों और गधों को मार डाला।

22

הַזּוֹנָה	הָאִשָּׁה	בֵּית־	בֹּאוּ	יְהוֹשֻׁעַ	אָמַר	הָאָרֶץ	אֶת־	הַמְרַגְּלִים	הָאֲנָשִׁים	וְלִשְׁנַיִם
वेश्या	स्त्री-के	घर	जाओ	यहोशू-ने	कहा	देश	को	भेदियों	पुरुषों	और-दोनों-से
H2181	H0802		H0935	H3091	H0559	H0776	H0853	H7270	H0376	H8147

לָהּ׃	נִשְׁבַּעְתֶּם	כַּאֲשֶׁר	לָהּ	אֲשֶׁר־	כָּל־	וְאֶת־	הָאִשָּׁה	אֶת־	מִשָּׁם	וְהוֹצִיאוּ
उससे	शपथ-खाई-थी-तुमने	जैसा	उसका	जो	सब	और-को	स्त्री	को	वहाँ-से	और-निकालो
	H7650				H3605	H0853	H0802	H0853	H8033	H3318

यहोशू ने उन व्यक्तियों से बातें की जिन्हें उसने प्रदेश के विषय में पता लगाने भेजा था। यहोशू ने कहा, "उस वेश्या के घर जाओ। उसे बाहर लाओ और उन लोगों को भी बाहर लोओ जो उसके साथ हैं। यह तुम इसलिए करो कि तुमने उसे वचन दिया है।"

23

אִמָּהּ	וְאֶת־	אָבִיהָ	וְאֶת־	רָחָב	אֶת־	וַיֹּצִיאוּ	הַמְרַגְּלִים	הַנְּעָרִים	וַיָּבֹאוּ
उसकी-माता	और-को	उसके-पिता	और-को	राहाब	को	और-निकाला	भेदी	जवान	और-गए
H0517	H0853	H0001	H0853	H7343	H0853	H3318	H7270	H5288	H0935

וַיַּנִּיחוּם	הוֹצִיאוּ	מִשְׁפַּחוֹתֶיהָ	כָּל־	וְאֶת	לָהּ	אֲשֶׁר־	כָּל־	וְאֶת־	אֶחֶיהָ	וְאֶת־
और-रखा	निकाला	उसके-परिवारों	सब	और-को	उसका	जो	सब	और-को	उसके-भाइयों	और-को
H3240	H3318	H4940	H3605	H0853			H3605	H0853	H0251	H0853

יִשְׂרָאֵל׃	לְמַחֲנֵה	מִחוּץ	
इस्राएल-की	छावनी-के	बाहर	
H3478	H4264	H2351	

दोनों व्यक्ति घर में गए और राहाब को बाहर लाए। उन्होंने उसके पिता, माँ, भाईयों, उसके समूचे परिवार और उसके साथ के अन्य सभी को बाहर निकाला। उन्होंने इस्राएल के डेरे के बाहर इन सभी लोगों को सुरक्षित रखा।

24 וְהָעִיר֙ שָׂרְפ֣וּ בָאֵ֔שׁ וְכָל־אֲשֶׁר־בָּ֖הּ רַ֣ק הַכֶּ֑סֶף וְהַזָּהָ֣ב וְכְלֵי֩ הַנְּחֹ֨שֶׁת֙ וְהַבַּרְזֶ֔ל נָתְנ֖וּ אוֹצַ֣ר בֵּית־יְהוָֹ֑ה׃

और-नगर-को	जला-दिया	आग-से	और-सब	जो	उसमें	केवल	चाँदी	और-सोना	और-वस्तुएँ	ताँबे-की
	H8313	H0784	H3605			H7535	H3701	H2091	H3627	

और-लोहे-की	दिया	खजाने-में	घर	यहोवा-के
H1270	H5414	H0214		H3068

तब इस्राएल के लोगों ने सारे नगर को जला दिया। उन्होंने सोना, चाँदी, काँसा, और लोहे से बनी चीजों के अतिरिक्त सभी चीज़ों को जला दिया। ये चीज़ें यहोवा के खाजाने के लिए बचा ली गई।

25 וְאֶת־רָחָ֣ב הַזּוֹנָ֗ה וְאֶת־בֵּ֤ית אָבִיהָ֙ וְאֶת־כָּל־אֲשֶׁר־לָ֔הּ הֶחֱיָ֖ה יְהוֹשֻׁ֑עַ

यहोशू-ने	जिलाया	उसका	जो	सब	और-को	उसके-पिता-के	घर	और-को	और-को
H3091	H2421			H3605	H0853	H0001		H0853	H7343

और-को	वेश्या	राहाब	और-को						
H0853	H2181	H7343	H0853						

וַתֵּ֖שֶׁב בְּקֶ֣רֶב יִשְׂרָאֵ֑ל עַ֚ד הַיּ֣וֹם הַזֶּ֔ה כִּ֥י הֶחְבִּ֖יאָה אֶת־הַמַּלְאָכִ֥ים אֲשֶׁר־שָׁלַ֥ח יְהוֹשֻׁ֖עַ לְרַגֵּ֣ל אֶת־יְרִיחֹ֑ו׃ פ

और-रही	बीच-में	इस्राएल-के	दिन	तक	इस	क्योंकि	छिपाया-उसने	को	दूतों	जिन्हें		
H3427	H7130	H3478	H3117	H5704	H2088		H2244	H0853	H4397			

भेजा-था	यहोशू-ने	जासूसी-करने-को	को	यरीहो	
H7971	H3091	H7270	H0853	H3405	

यहोशू ने राहाब, उसके परिवार और उसके साथ के व्यक्तियों को बचा लिया। यहोशू ने उन्हें जीवित रहने दिया क्योंकि राहाब ने उन लोगों की सहायता की थी, जिन्हें उसने यरीहो में जासूसी करने के लिए भेजा था। राहाब अब भी इस्राएल के लोगों में अपने वंशजों के रूप में रहती है।

26 וַיַּשְׁבַּ֥ע יְהוֹשֻׁ֛עַ בָּעֵ֥ת הַהִ֖יא לֵאמֹ֑ר אָר֣וּר הָאִ֗ישׁ לִפְנֵי֙ יְהוָ֔ה אֲשֶׁ֥ר יָק֛וּם

और-शपथ-खिलाई	यहोशू-ने	समय-में	उस	कहते-हुए	शापित	पुरुष	सामने	यहोवा-के	जो	उठेगा
H7650	H3091	H6256	H1931	H0559	H0779	H0376	H6440	H3068		

और-बनाएगा	को	नगर	इस	को	यरीहो	अपने-पहलौठे-पर	नींव-डालेगा-उसकी	और-अपने-छोटे-पर	
H1129	H0853		H2063	H0853	H3405	H1060	H3245	H6810	

खड़ा-करेगा	उसके-दरवाजों
H5324	

उस समय, यहोशू ने शपथ के साथ महत्वपूर्ण बातें कहीं उसने कहा: “कोई व्यक्ति जो यरीहो नगर के पुन: निर्माण का प्रयत्न करेगा यहोवा की ओर से खतरे में पड़ेगा। जो व्यक्ति नगर की नींव रखेगा, अपने पहलौठे पुत्र को खोएगा। जो व्यक्ति फाटक लगाएगा वह अपने सबसे छोटे पुत्र को खोएगा।”

27 וַיְהִ֤י יְהוָה֙ אֶת־יְהוֹשֻׁ֔עַ וַיְהִ֥י שָׁמְע֖וֹ בְּכָל־הָאָֽרֶץ׃

और-था	यहोवा	साथ	यहोशू-के	और-थी	उसकी-कीर्ति	सारे	देश-में
H1961	H3068	H0854	H3091	H1961	H8089	H3605	H0776

यहोवा, योहशू के साथ था और इस प्रकार यहोशू पूरे देश में प्रसिद्ध हो गया।

Chapter 7

1

כַּרְמִי	בֶּן־	עָכָן	וַיִּקַּח	בַּחֵרֶם	מַעַל	יִשְׂרָאֵל	בְּנֵי־	וַיִּמְעֲלוּ
कर्मी-का	पुत्र	आकान-ने	और-लिया	श्रापित-में	विश्वासघात	इस्राएल-के	पुत्रों-ने	और-विश्वासघात-किया
H3756		H5912	H3947		H4604	H3478		H4603

בְּבְנֵי	יְהוָה	אַף	וַיִּחַר־	הַחֵרֶם	מִן־	יְהוּדָה	לְמַטֵּה	זֶרַח	בֶּן־	זַבְדִּי	בֶּן־
में-पुत्रों	यहोवा-का	क्रोध	और-जला	श्रापित	से	यहूदा-के	गोत्र-से	जेरह-का	पुत्र	जब्दी-का	पुत्र
	H3068	H0639	H2734			H3063	H4294	H2226		H2067	

יִשְׂרָאֵל׃
इस्राएल-के
H3478

किन्तु इस्राएल के लोगों ने यहोवा की आज्ञा नहीं मानी। यहूदा परिवार समूह का एक व्यक्ति कर्म्मी का पुत्र और जब्दी का पौत्र जिसका नाम आकान था। आकान ने वे कुछ चीज़ें रख ली जिन्हें नष्ट करना था। इसलिए यहोवा इस्राएल के लोगों पर बहुत क्रोधित हुआ।

2

וַיֹּאמֶר	לְבֵית־אֵל	מִקֶּדֶם	אֹונְבָית	עִם־	אֲשֶׁר	הָעַי	מֵיְרִיחֹו	אֲנָשִׁים	יְהוֹשֻׁעַ	וַיִּשְׁלַח
और-कहा	बेतेल-के	पूर्व-में	बेत-आवेन-के	पास	जो	अय	यरीहो-से	पुरुषों-को	यहोशू-ने	और-भेजा
H0559	H1008		H1007			H5857	H3405	H0376	H3091	H7971

הָעָי׃	אֶת־	וַיְרַגְּלוּ	הָאֲנָשִׁים	וַיַּעֲלוּ	הָאָרֶץ	אֶת־	וְרַגְּלוּ	עֲלוּ	לֵאמֹר	אֲלֵיהֶם
अय	को	और-भेद-लिया	पुरुष	और-गए	देश	को	और-भेद-लो	जाओ	कहते-हुए	उनसे
H5857	H0853	H7270	H0376	H5927	H0776	H0853	H7270	H5927	H0559	H0413

जब वे यरीहो को पराजित कर चुके तब यहोशू ने कुछ लोगों को ऐ भेजा। ऐ, बेतेल के पूर्व बेतावेन के पास था। यहोशू ने उनसे कहा, “ऐ जाओ और उस क्षेत्र की कमजोरियों को देखो।” इसलिए लोग उस देश में जासूसी करने गए।

3

אֹו	אִישׁ	כְּאַלְפַּיִם	הָעָם	כָּל־	יַעַל	אַל־	אֵלָיו	וַיֹּאמְרוּ	יְהוֹשֻׁעַ	אֶל־	וַיָּשֻׁבוּ
या	पुरुष	दो-हजार	लोग	सब	जाए	न	उससे	और-कहा	यहोशू-के	पास	और-लौटे
	H0376	H0505		H3605	H5927	H0408	H0413	H0559	H3091	H0413	H7725

הָעָם	כָּל־	אֶת־	שָׁמָּה	תְּיַגַּע־	אַל־	הָעָי	אֶת־	וְיַכּוּ	יַעֲלוּ	אִישׁ	אַלְפַּיִם	שְׁלֹשֶׁת
लोगों	सब	को	वहां	थकाओ	न	अय	को	और-मारें	जाएं	पुरुष	हजार	तीन
	H3605	H0853	H8033	H3021	H0408	H5857	H0853	H5221	H5927	H0376	H0505	H7969

הֵמָּה׃	מְעַט	כִּי
वे	थोड़े	क्योंकि
H1992	H4592	

बाद में वे व्यक्ति यहोशू के पास लौटकर आए। उन्होंने कहा, “ऐ कमजोर क्षेत्र है। हम लोगों को उन्हें हराने के लिए अपने सभी लोगों की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। वहाँ लड़ने के लिए दो हजार या तीन हजार व्यक्तियों को भेजो। अपने सभी लोगों को उपयोग करने की आवश्यकता वहाँ नहीं है। वहाँ पर थोड़े ही व्यक्ति हम लोगों के विरुद्ध लड़ने वाले हैं।”

4

הָעָי׃	אַנְשֵׁי	לִפְנֵי	וַיִּנָּסוּ	אִישׁ	אֶלְפַּיִם	כִּשְׁלֹשֶׁת	שָׁמָּה	הָעָם	מִן־	וַיַּעֲלוּ
अय-के	पुरुषों-के	सामने-से	और-भागे	पुरुष	हजार	तीन	वहां	लोगों-में	से	और-गए
H5857	H0376	H6440	H5127	H0376	H0505	H7969	H8033			H5927

इसलिए लगभग तीन हजार व्यक्ति ऐ गए। किन्तु ऐ के लोगों ने लगभग छत्तीस इस्राएल के व्यक्तियों को मार गिराया और इस्राएल के लोग भाग खड़े हुए। ऐ के लोगों ने नगर—द्वार से लगातार पत्थर की खदानों तक पीछा किया। इस प्रकार ऐ के लोगों ने उन्हें बुरी तरह पीटा। जब इस्राएल के लोगों ने यह देखा तो वे बहुत भयभीत हो उठे और साहस छोड़ बैठे।

5

עַד־	הַשַּׁעַר	לִפְנֵי	וַיִּרְדְּפוּם	אִישׁ	וְשִׁשָּׁה	כִּשְׁלֹשִׁים	הָעַי	אַנְשֵׁי	מֵהֶם	וַיַּכּוּ
तक	फाटक-के	सामने	और-पीछा-किया	पुरुष	और-छह	छत्तीस	अय-के	पुरुषों-ने	उनमें-से	और-मारा
H5704	H8179	H6440	H7291	H0376	H8337	H7970	H5857	H0376	H1992	H5221

לָמָיִם׃	וַיְהִי	הָעָם	לְבַב־	וַיִּמַּס	בַּמּוֹרָד	וַיַּכּוּם	הַשְּׁבָרִים
पानी-जैसा	और-हुआ	लोगों-का	हृदय	और-पिघला	ढलान-पर	और-मारा-उन्हें	शबारीम
H4325	H1961		H3824	H4549	H4174	H5221	H7671

इसलिए लगभग तीन हजार व्यक्ति ऐ गए। किन्तु ऐ के लोगों ने लगभग छत्तीस इस्राएल के व्यक्तियों को मार गिराया और इस्राएल के लोग भाग खड़े हुए। ऐ के लोगों ने नगर—द्वार से लगातार पत्थर की खदानों तक पीछा किया। इस प्रकार ऐ के लोगों ने उन्हें बुरी तरह पीटा। जब इस्राएल के लोगों ने यह देखा तो वे बहुत भयभीत हो उठे और साहस छोड़ बैठे।

											6
עַד־	יְהוָה	אֲרוֹן	לִפְנֵי	אַרְצָה	פָּנָיו	עַל־	וַיִּפֹּל	שִׂמְלֹתָיו	יְהוֹשֻׁעַ	וַיִּקְרַע	
तक	यहोवा-के	सन्दूक-के	सामने	भूमि-पर	मुख-के	पर	और-गिरा	वस्त्रों-को	यहोशू-ने	और-फाड़ा	
H5704	H3068	H0727	H6440	H0776	H6440		H5307	H8071	H3091	H7167	

רֹאשָׁם׃	עַל־	עָפָר	וַיַּעֲלוּ	יִשְׂרָאֵל	וְזִקְנֵי	הוּא	הָעֶרֶב
सिरों-अपने	पर	धूल	और-डाला	इस्राएल-के	और-पुरनिये	वह	सांझ
		H6083	H5927	H3478	H2205	H1931	H6153

जब यहोशू ने इसके बारे में सुना तो उसने अपने वस्त्र फाड़ डाले। वह पवित्र सन्दूक के सामने जमीन पर लेट गया। यहोशू वहाँ शाम तक पड़ा रहा। इस्राएल के नेताओं ने भी यही किया। उन्होंने अपने सिरों पर धूलि डाली।

											7
אֶת־	הַזֶּה	הָעָם	אֶת־	הֶעֱבִיר	הַעֲבַרְתָּ	לָמָּה	יְהוִה	אֲדֹנָי	וְאַהֲהּ	יְהוֹשֻׁעַ	וַיֹּאמֶר
को	इन	लोगों	को	पार-करा	पार-कराया	क्यों	यहोवा	प्रभु	हाय	यहोशू-ने	और-कहा
H0853	H2088		H0853			H4100	H3069	H0136	H0162	H3091	H0559

בְּעֵבֶר	וַנֵּשֶׁב	הוֹאִילְנוּ	וְלוּ	לְהַאֲבִידֵנוּ	הָאֱמֹרִי	בְּיַד	אֹתָנוּ	לָתֵת	הַיַּרְדֵּן
पार	और-बसते	हम-राजी-होते	और-काश	नाश-करने	एमोरियों-के	हाथ-में	हमें	देने-के-लिए	यर्दन-के
H5676	H3427	H2974	H3863	H0006	H0567	H3027	H0853	H5414	H3383

הַיַּרְדֵּן׃
यर्दन-के
H3383

तब यहोशू ने कहा, "यहोवा, मेरे स्वामी! तू हमारे लोगों को यरदन नदी के पार लाया। किन्तु तू हमें इतनी दूर क्यों लाया और तब एमोरी लोगों द्वारा हमें क्यों नष्ट होने देता है? हम लोग यरदन नदी के दूसरे तट पर ठहरे रहते और सन्तुष्ट रहते।

										8
אֹיְבָיו׃	לִפְנֵי	עֹרֶף	יִשְׂרָאֵל	הָפַךְ	אֲשֶׁר	אַחֲרֵי	אֹמַר	מָה	אֲדֹנָי	בִּי
शत्रुओं-के	सामने	पीठ	इस्राएल-ने	फिरा	जो	बाद	कहूं	क्या	प्रभु	हे
H0341	H6440	H6203	H3478	H2015			H0559	H4100	H0136	H0994

मेरे योहवा, मैं शपथ पूर्वक कहता हूँ कि अब ऐसा कुछ नहीं है जिसे मैं तुझसे कह सकूँ। इस्राएल ने शत्रुओं के सामने समर्पण कर दिया है।

											9
מִן־	שְׁמֵנוּ	אֶת־	וְהִכְרִיתוּ	עָלֵינוּ	וְנָסַבּוּ	הָאָרֶץ	יֹשְׁבֵי	וְכָל	הַכְּנַעֲנִי	וְיִשְׁמְעוּ	
से	नाम-हमारे	को	और-काटेंगे	हमें	और-घेरेंगे	देश-के	निवासी	और-सब	कनानी	और-सुनेंगे	
	H8034	H0853	H3772		H5437	H0776	H3427	H3605		H8085	

ס	הַגָּדוֹל׃	לְשִׁמְךָ	תַּעֲשֶׂה	וּמַה־	הָאָרֶץ
	महान-के-लिए	नाम-तेरे	करेगा	और-क्या	पृथ्वी
		H8034		H4100	H0776

कनानी और इस देश के सभी लोग वह सुनेंगे जो हुआ, तब वे हम लोगों के विरुद्ध आएंगे और हम सभी को मार डालेंगे। तब तू अपने महान नाम की रक्षा के लिये क्या करेगा?"

											10
פָּנֶיךָ׃	עַל־	נֹפֵל	אַתָּה	זֶּה	לָמָּה	לְךָ	קוּם	יְהוֹשֻׁעַ	אֶל־	יְהוָה	וַיֹּאמֶר
मुख-तेरे	पर	गिरा-है	तू	यह	क्यों	तू	उठ	यहोशू	से	यहोवा-ने	और-कहा
H6440		H5307		H2088	H4100			H3091	H0413	H3068	H0559

यहोवा ने यहोशू से कहा, "खड़े हो जाओ। तुम मूँह के बल क्यों गिरे हो?

											11
לָקְחוּ	וְגַם	אוֹתָם	צִוִּיתִי	אֲשֶׁר	בְּרִיתִי	אֶת־	עָבְרוּ	וְגַם	יִשְׂרָאֵל	חָטָא	
लिया	और-भी	उन्हें	आज्ञा-दी	जो	वाचा-मेरी	को	उल्लंघन-किया	और-भी	इस्राएल-ने	पाप-किया	
H3947	H1571	H0853	H6680		H1285	H0853		H1571	H3478	H2398	

בִּכְלֵיהֶם׃	שָׂמוּ	וְגַם	כִּחֲשׁוּ	וְגַם	גָּנְבוּ	וְגַם	הַחֵרֶם	מִן־
सामान-में-अपने	रखा	और-भी	झूठ-बोला	और-भी	चुराया	और-भी	श्रापित	से
H3627		H1571	H3584	H1571	H1589	H1571		

इस्राएल के लोगों ने मेरे विरुद्ध पाप किया। उन्होंने मेरी उस वाचा को तोड़ा, जिसके पालन का आदेश मैंने दिया था। उन्होंने वे कुछ चीज़ें लीं जिन्हें नष्ट करने का आदेश मैंने दिया है। उन्होंने मेरी चोरी की है। उन्होंने झूठी बात कही है। उन्होंने वे चीज़ें अपने पास रखी हैं।

12 וְלֹא יָכְלוּ בְנֵי יִשְׂרָאֵל לָקוּם לִפְנֵי אֹיְבֵיהֶם עֹרֶף לִפְנֵי אֹיְבֵיהֶם יִפְנוּ כִּי הָיוּ חֵרֶם הֵמָּה
और-नहीं सके पुत्र इस्राएल-के खड़े-होने सामने शत्रुओं-के-अपने पीठ सामने फिरते-हैं क्योंकि श्रापित हुए
H3808 H3201 H1121 H3478 H6965 H6440 H0341 H6203 H6437 H3588 H2764 H1961

לֹא אוֹסִיף לִהְיוֹת עִמָּכֶם אִם לֹא תַשְׁמִידוּ הַחֵרֶם מִקִּרְבְּכֶם׃
नहीं जारी-रखूंगा होने तुम्हारे-साथ यदि नहीं नाश-करोगे श्रापित-को बीच-से-अपने
H3808 H3254 H1961 H5973 H0518 H8045 H2764 H7130

यही कारण है की इस्राएल की सेना युद्ध से मुँह मोड़ कर भाग खड़ी हुई। यह उनकी बुराई के कारण हुआ। उन्हें नष्ट कर देना चाहिए। मैं तुम्हारी सहायता नहीं करता रहूँगा। मैं तब तक तुम्हारे साथ नहीं रह सकूँगा जब तक तुम यह नहीं करते। तुम्हें उस हर चीज़ को नष्ट करना चाहिए, जिसे मैंने नष्ट करने का आदेश दिया है।

13 קוּם קַדֵּשׁ אֶת־הָעָם וְאָמַרְתָּ הִתְקַדְּשׁוּ לְמָחָר כִּי כֹה אָמַר יְהוָה
उठ पवित्र-कर को लोगों और-कह पवित्र-करो कल-के-लिए क्योंकि ऐसा कहा यहोवा-ने
H6965 H6942 H0853 H5971 H0559 H6942 H4279 H3588 H3541 H0559 H3068

אֱלֹהֵי יִשְׂרָאֵל חֵרֶם בְּקִרְבְּךָ יִשְׂרָאֵל לֹא תוּכַל לָקוּם לִפְנֵי אֹיְבֶיךָ עַד־הָסִירְכֶם הַחֵרֶם מִקִּרְבְּכֶם׃
परमेश्वर-ने इस्राएल-के श्रापित बीच-में-तेरे इस्राएल नहीं सकेगा खड़ा-होने सामने शत्रुओं-के-तेरे तक हटाओगे श्रापित-को बीच-से-अपने
H0430 H3478 H2764 H7130 H3478 H3808 H3201 H6965 H6440 H0341 H5704 H5493 H2764 H7130

“अब तुम जाओ और लोगों को पवित्र करो। लोगों से कहो, ‘वे अपने को पवित्र करें। कल के लिये तैयार हो जाओ। इस्राएल का परमेश्वर यहोवा कहता है कि कुछ लोगों ने वे चीजें अपने पास रखी हैं, जिन्हें मैंने नष्ट करने का आदेश दिया था। तुम तब तक अपने शत्रुओं को पराजित करने योग्य नहीं होओगे, जब तक तुम उन चीज़ों को फेंक नहीं देते।

14 וְנִקְרַבְתֶּם בַּבֹּקֶר לִשִׁבְטֵיכֶם וְהָיָה הַשֵּׁבֶט אֲשֶׁר־יִלְכְּדֶנּוּ יְהוָה יִקְרַב
और-निकट-आओगे सुबह-में गोत्रों-के-अनुसार और-होगा गोत्र जिसे पकड़ेगा यहोवा निकट-आएगा
H7126 H1242 H7626 H7626 H1961 H7626 H3920 H3068 H7126

לַמִּשְׁפָּחוֹת וְהַמִּשְׁפָּחָה אֲשֶׁר יִלְכְּדֶנָּה יְהוָה יִקְרַב לַבָּתִּים וְהַבַּיִת אֲשֶׁר
कुलों-के-अनुसार और-कुल जिसे पकड़ेगा यहोवा निकट-आएगा घरानों-के-अनुसार और-घराना जिसे
H4940 H4940 H3920 H3068 H7126 H1004 H1004 H3920

לַגְּבָרִים יִקְרַב יְהוָה יִלְכְּדֶנּוּ׃
पुरुषों-के-अनुसार निकट-आएगा यहोवा पकड़ेगा
H1397 H7126 H3068 H3920

“‘कल प्रात: तुम सभी को यहोवा सामने ख़ड़ा होना होगा। सभी परिवार समूह यहोवा के सामने पेश होंगे। यहोवा एक परिवार समूह को चुनेगा। तब केवल वही परिवार समूह यहोवा के सामने खड़ा होगा। तब उस परिवार समूह में से यहोवा एक वंश को चुनेगा। तब बस वही वंश यहोवा के सामने खड़ा होगा। तब यहोवा उस वंश के प्रत्येक परिवार की परख करेगा। तब यहोवा उस वंश में से एक परिवार को चुनेगा। तब वह परिवार अकेले यहोवा के सामने खड़ा होगा। तब यहोवा उस परिवार के हर पुरुष की जाँच करेगा।

15 וְהָיָה הַנִּלְכָּד בַּחֵרֶם יִשָּׂרֵף בָּאֵשׁ אֹתוֹ וְאֶת־כָּל־אֲשֶׁר לוֹ כִּי
और-होगा पकड़ा-गया श्रापित-में जलाया-जाएगा आग-में उसे और सब जो क्योंकि
H1961 H3920 H2764 H8313 H0784 H0853 H0853 H3605 H0834 H3588

עָבַר אֶת־בְּרִית יְהוָה וְכִי עָשָׂה נְבָלָה בְּיִשְׂרָאֵל׃
उल्लंघन-किया को वाचा यहोवा-की और-क्योंकि किया मूर्खता इस्राएल-में
H5674 H0853 H1285 H3068 H3588 H6213 H5039 H3478

वह व्यक्ति जो इन चीज़ों के साथ पाया जाएगा जिन्हें हमें नष्ट कर देना चाहिए था, पकड़ लिया जाएगा। तब वह व्यक्ति आग में झोंककर नष्ट कर दिया जाएगा और उसके साथ उसकी हर एक चीज़ नष्ट कर दी जाएगी। उस व्यक्ति ने यहोवा के उस वाचा को तोड़ा है। उसने इस्राएल के लोगों के प्रति बहुत ही बुरा काम किया है।'"

16 וַיַּשְׁכֵּם יְהוֹשֻׁעַ בַּבֹּקֶר וַיַּקְרֵב אֶת־יִשְׂרָאֵל לִשְׁבָטָיו וַיִּלָּכֵד שֵׁבֶט
और-जागा-सवेरे यहोशू सुबह-में और-निकट-लाया को इस्राएल गोत्रों-के-अनुसार और-पकड़ा-गया गोत्र
H7925 H3091 H1242 H7126 H0853 H3478 H7626 H3920 H7626

יְהוּדָה׃
यहूदा-का
H3063

अगली सुबह यहोशू इस्राएल के सभी लोगों को यहोवा के सामने ले गया। सारे परिवार समूह यहोवा के समाने खड़े हो गए। यहोवा न यहूदा परिवार समूह को चुना।

17 וַיַּקְרֵב אֶת־מִשְׁפַּחַת יְהוּדָה וַיִּלָּכֵד מִשְׁפַּחַת הַזַּרְחִי וַיַּקְרֵב אֶת־מִשְׁפַּחַת הַזַּרְחִי לַגְּבָרִים וַיִּלָּכֵד זַבְדִי׃
और-निकट-लाया को कुल यहूदा-के और-पकड़ा कुल जरही-के और-निकट-लाया को कुल जरही-के पुरुषों-के-अनुसार और-पकड़ा-गया जब्दी
H7126 H0853 H4940 H3063 H3920 H0853 H4940 H2227 H7126 H0853 H2227 H1397 H3920 H2067

तब सभी यहूदा परिवार समूह योहवा के सामने खड़े हुए। यहोवा ने जेरह वंश को चुना। तब जेरह वंश के सभी लोग यहोवा के सामने खड़े हुए। इन में से जब्दी का परिवार चुना गया।

18 וַיַּקְרֵב אֶת־בֵּיתוֹ לַגְּבָרִים וַיִּלָּכֵד עָכָן בֶּן־כַּרְמִי בֶּן־זַבְדִי בֶּן־זֶרַח לְמַטֵּה יְהוּדָה׃
और-निकट-लाया को घराने-के-उसके पुरुषों-के-अनुसार और-पकड़ा-गया आकान पुत्र कर्मी-का पुत्र जब्दी-का पुत्र जेरह-का गोत्र-से यहूदा-के
H7126 H0853 H1397 H3920 H5912 H1121 H3756 H1121 H2067 H1121 H2226 H4294 H3063

तब यहोशू ने इस परिवार के सभी पुरुषों को योहवा के सामने आने को कहा। यहोवा ने कर्मी के पुत्र आकान को चुना। (कर्मी जब्दी का पुत्र था और जब्दी जेरह का पुत्र था।)

19 וַיֹּאמֶר יְהוֹשֻׁעַ אֶל־עָכָן בְּנִי שִׂים־נָא כָבוֹד לַיהוָה אֱלֹהֵי יִשְׂרָאֵל וְתֶן־לוֹ תוֹדָה וְהַגֶּד־נָא לִי מֶה עָשִׂיתָ אַל־תְּכַחֵד מִמֶּנִּי׃
और-कहा यहोशू-ने से आकान पुत्र-मेरे दे कृपया महिमा यहोवा-को परमेश्वर इस्राएल-के और-दे उसे और-बता मुझे क्या किया-तूने मत छिपा मुझसे
H0559 H3091 H0413 H5912 H1121 H7760 H4994 H3519 H3068 H0430 H3478 H5414 H8426 H3027 H5046 H4994 H4100 H6213 H0408 H3582 H4480

तब यहोशू न आकान से कहा, "पुत्र, तुम्हें अपनी प्रार्थना करनी चाहिए। इस्राएल के योहवा परमेश्वर का सम्मान करना चाहिए और उससे तुम्हें अपने पापों को स्वीकार करना चाहिए। मुझे बताओ कि तुमने क्या किया? मुझसे कुछ छिपाने की कोशिश न करो!"

20 וַיַּעַן עָכָן אֶת־יְהוֹשֻׁעַ וַיֹּאמֶר אָמְנָה אָנֹכִי חָטָאתִי לַיהוָה אֱלֹהֵי יִשְׂרָאֵל וְכָזֹאת וְכָזֹאת עָשִׂיתִי׃
और-उत्तर-दिया आकान-ने को यहोशू और-कहा सचमुच मैंने पाप-किया यहोवा-के-विरुद्ध परमेश्वर इस्राएल-के और-ऐसा और-ऐसा किया-मैंने
H6030 H5912 H0853 H3091 H0559 H0546 H0595 H2398 H3068 H0430 H3478 H2063 H2063 H6213

आकान ने उत्तर दिया, "यह सत्य है! मैंने इस्राएल के यहोवा परमेश्वर के विरुद्ध पाप किया है। मैंने जो किया है वह यह है:

וּלְשׁוֹן כֶּסֶף שְׁקָלִים וּמָאתַיִם טוֹבָה אַחַת שִׁנְעָר אַדֶּרֶת בַּשָּׁלָל (וָאֵרֶא) [וארא] 21
और-जीभ चांदी शेकेल और-दो-सौ अच्छा एक शिनार-का चोगा लूट-में और-देखा (और-देखा)
H3956 H3701 H8255 H3967 H0259 H8152 H0155 H7998 H7200 H7200

בָּאָרֶץ טְמוּנִים וְהִנָּם וָאֶקָּחֵם וָאֶחְמְדֵם מִשְׁקָלוֹ שְׁקָלִים חֲמִשִּׁים אֶחָד זָהָב
भूमि-में छिपे-हैं और-देखो-वे और-लिया-मैंने और-लालच-किया-मैंने भार-का शेकेल पचास एक सोने-की
H0776 H2934 H2009 H3947 H4948 H8255 H2572 H0259 H2091

תַּחְתָּיהָ׃ וְהַכֶּסֶף בְּתוֹךְ הָאָהֳלִי
नीचे-उसके और-चांदी तम्बू-के-मेरे बीच-में
H8478 H3701 H0168 H8432

हम लोगों ने यरीहो नगर को इसकी सभी चीज़ों के साथ अपने अधिकार में लिया। उन चीज़ों में मैनें शिनार का एक सुन्दर ओढ़ना और लगभग पाँच पौण्ड चाँदी और एक पौण्ड सोना देखा। मैं इन चीज़ों को अपने लिए रखने का बहुत इच्छुक था। इसलिए मैंने उनको लिया। तुम उन चीज़ों को मेरे तम्बू के नीचे जमीन में गड़ा हुआ पाओगे। चाँदी ओढ़ने के नीचे है।”

תַּחְתָּיהָ׃ וְהַכֶּסֶף בְּאָהֳלוֹ טְמוּנָה וְהִנֵּה הָאָהֳלָה וַיָּרֻצוּ מַלְאָכִים יְהוֹשֻׁעַ וַיִּשְׁלַח 22
नीचे-उसके और-चांदी तम्बू-में-उसके छिपी-थी और-देखो तम्बू-में और-दौड़े दूतों-को यहोशू-ने और-भेजा
H8478 H3701 H0168 H2934 H2009 H0168 H7323 H4397 H3091 H7971

इसलिए यहोशू न कुछ व्यक्तियों को तम्बू में भेजा। वे दौड़कर पहुँचे और उन चीज़ों को तम्बू में छिपा पाया। चाँदी ओढ़ने के नीचे थी।

וַיִּקָּחוּם וַיְבִאוּם אֶל־ יְהוֹשֻׁעַ וְאֶל כָּל־ בְּנֵי יִשְׂרָאֵל וַיְצִקֵם 23
और-लिया-उन्होंने और-लाए पास के यहोशू-के और सब के पुत्रों-के इस्राएल-के और-उंडेला
H3947 H0935 H0413 H3091 H0413 H3605 H1121 H3478 H3332

לִפְנֵי יְהוָה׃
सामने यहोवा-के
H6440 H3068

वे व्यक्ति उन चीज़ों को तम्बु से बाहर लाए। वे उन चीज़ों को यहोशू और इस्राएल के सभी लोगों के पास ले गए। उन्होंने उसे यहोवा के सामने जमीन पर ला पटका।

לְשׁוֹן וְאֶת־ הָאַדֶּרֶת וְאֶת־ הַכֶּסֶף וְאֶת־ זֶרַח בֶּן־ עָכָן אֶת־ יְהוֹשֻׁעַ וַיִּקַּח 24
जीभ और चोगे-को और चांदी-को और जेरह-का पुत्र आकान को यहोशू-ने और-लिया
H3956 H0853 H0155 H0853 H3701 H0853 H2226 H5912 H0853 H3091 H3947

וְאֶת־ חֲמֹרוֹ וְאֶת־ שׁוֹרוֹ וְאֶת־ בְּנֹתָיו וְאֶת־ בָּנָיו וְאֶת־ הַזָּהָב
और गधे-को-उसके और बैल-को-उसके और पुत्रियों-को-उसकी और पुत्रों-को-उसके और सोने-की
H0853 H2543 H0853 H7794 H0853 H1323 H0853 H1121 H0853 H2091

עִמּוֹ יִשְׂרָאֵל וְכָל־ לוֹ אֲשֶׁר־ כָּל־ וְאֶת־ אָהֳלוֹ וְאֶת־ צֹאנוֹ
उसके-साथ इस्राएल और-सब उसका जो सब और तम्बू-को-उसके और भेड़-बकरियों-को-उसकी
H3478 H3605 H0853 H0168 H0853 H6629

עָכוֹר׃ עֵמֶק אֹתָם וַיַּעֲלוּ
आकोर घाटी उन्हें और-ले-गए
H5911 H6010 H0853 H5927

तब यहोशू और सभी लोग जेरह के पुत्र आकान को आकोर की घाटी में ले गए। उन्होंने चादी, ओढ़ना, सोना, आकान के पुत्रियों—पुत्रों, उसके मवेशियों, उसके गधों, भेड़ों, तम्बू और उसकी सभी चीज़ों को भी लिया। इन सभी चीज़ों को वे आकान के साथ आकोर की घाटी मे ले गए।

אֹתָו וַיִּרְגְּמוּ הַזֶּה בַּיּוֹם יְהוָה יַעְכָּרְךָ עָכַרְתָּנוּ מֶה יְהוֹשֻׁעַ וַיֹּאמֶר 25
उसे और-मारा-पत्थरों-से इस दिन यहोवा दुख-देगा-तुझे दुख-दिया-तूने-हमें क्यों यहोशू-ने और-कहा
H0853 H7275 H2088 H3117 H3068 H5916 H5916 H4100 H3091 H0559

בָּאֲבָנִים׃ אֹתָם וַיִּסְקְלוּ בָּאֵשׁ אֹתָם וַיִּשְׂרְפוּ אֶבֶן יִשְׂרָאֵל כָּל־
पत्थरों-से उन्हें और-पत्थर-मारे आग-में उन्हें और-जलाया पत्थर इस्राएल-ने सब
H0068 H0853 H5619 H0784 H0853 H8313 H0068 H3478 H3605

तब यहोशू ने कहा, “तुमने हमारे लिये ये सब मुसीबतें क्यों की? अब यहोवा तुम पर मुसीबत लाएगा!” तब सभी लोगों न आकान और उसके परिवार पर तब तक पत्थर फेंके जब तक वे मर नहीं गए। उन्होंने उसके परिवार को भी मार डाला। तब लोगों ने उन्हें और उसकी सभी वस्तुओं को जला दिया।

מֵחֲרוֹן	יְהוָה	וַיָּשָׁב	הַזֶּה	הַיּוֹם	עַד	גָּדוֹל	אַבָנִים	גַּל־	עָלָיו	וַיָּקִימוּ		26
से–जलन	यहोवा	और–लौटा	इस	दिन	तक	बड़ा	पत्थरों–का	ढेर	उस–पर	और–खड़ा–किया		
H2740	H3068	H7725	H2088	H3117	H5704		H0068	H1530				

פ	הַזֶּה׃	הַיּוֹם	עַד	עָכוֹר	עֵמֶק	הַהוּא	הַמָּקוֹם	שֵׁם	קָרָא	כֵּן	עַל־	אַפּוֹ
	इस	दिन	तक	आकोर	घाटी	उस	स्थान–का	नाम	पुकारा	इसलिए	पर	क्रोध–के–अपने
	H2088	H3117	H5704	H5911	H6010	H1931	H4725	H8034	H7121			H0639

आकान को जलाने के बाद उसके शरीर पर उन्होनें कई शिलायें रखीं। वे शिलायें आज भी वहाँ हैं। इस तरह यहोवा ने आकान पर विपत्ति ढाई। यही कारण है कि वह स्थान आकोर घाटी कहा जाता है। इसके बाद, यहोवा लोगों से अप्रसन्न नहीं रहा।

Chapter 8

כָּל־	אֶת	עַמּוֹ	קַח	תֵּחַת	וְאַל־	תִּירָא	אַל־	יְהוֹשֻׁעַ	אֶל־	יְהוָה	וַיֹּאמֶר	1
सब	को	अपने–साथ	ले	घबरा	और–मत	डर	मत	यहोशू	से	यहोवा–ने	और–कहा	
H3605	H0853		H3947	H2865	H0408	H3372	H0408	H3091	H0413	H3068	H0559	

וְאֶת־	הָעַי	מֶלֶךְ	אֶת־	בְּיָדְךָ	נָתַתִּי	וְרֹאֵה	הָעָי	עֲלֵה	וְקוּם	הַמִּלְחָמָה	עַם
और	अय–का	राजा	को	हाथ–में–तेरे	दिया–मैंने	देख	अय	जा	और–उठ	युद्ध–के	लोग
H0853	H5857	H4428	H0853	H3027	H5414	H7200	H5857	H5927		H4421	

אַרְצוֹ׃	וְאֶת־	עִירוֹ	וְאֶת־	עַמּוֹ
देश–को–उसके	और	नगर–को–उसके	और	लोगों–को–उसके
H0776	H0853		H0853	

तब यहोवा ने यहोशू से कहा, “डरो नहीं। साह न छोड़ो. अपने सभी सैनिकों को ऐ ले जाओ। मैं ऐ के राजा को हराने में तुम्हारी सहायता करूँगा। मैं उसकी प्रजा को, उसके नगर को और उसकी धरती को तुम्हें दे रहा हूँ।

שְׁלָלָהּ	רַק־	וּלְמַלְכָּהּ	לִירִיחוֹ	עָשִׂיתָ	כַּאֲשֶׁר	וּלְמַלְכָּהּ	לָעַי	וְעָשִׂיתָ			2
लूट–उसकी	केवल	और–राजा–को–उसके	यरीहो–को	किया–तूने	जैसा	और–राजा–को–उसके	अय–को	और–करेगा			
H7998	H7535	H4428	H3405			H4428	H5857				

מֵאַחֲרֶיהָ׃	לָעִיר	אֹרֶב	לְךָ	שִׂים־	לָכֶם	תָּבֹזּוּ	וּבְהֶמְתָּהּ	
पीछे–से–उसके	नगर–के–लिए	घात	अपने–लिए	रख	अपने–लिए	लूटोगे	और–पशु–उसके	
		H0693				H0962	H0929	

तुम ऐ और उसके राजा के साथ वही करोगे, जो तुमने यरीहो और उसके राजा के साथ किया। केवल इस बार तुम नगर की सारी सम्पत्ति और पशु—धन लोगे और अपने पास रखोगे। फिर तुम अपने लोगों के साथ उसका बँटवारा करोगे। अब तुम अपने कुछ सैनिकों को नगर के पीछे छिपने का आदेश दो।”

אֶלֶף	שְׁלֹשִׁים	יְהוֹשֻׁעַ	וַיִּבְחַר	הָעָי	לַעֲלוֹת	הַמִּלְחָמָה	עַם	וְכָל־	יְהוֹשֻׁעַ	וַיָּקָם	3
हजार	तीस	यहोशू–ने	और–चुना	अय	चढ़ने–के–लिए	युद्ध–के	लोग	और–सब	यहोशू	और–उठा	
H0505	H7970	H3091	H0977	H5857	H5927	H4421		H3605	H3091		

לָיְלָה׃	וַיִּשְׁלָחֵם	הַחַיִל	גִּבּוֹרֵי	אִישׁ
रात–को	और–भेजा–उन्हें	बल–के	शूरवीरों	पुरुष
H3915	H7971	H2428	H1368	H0376

इसलिए यहोशू अपन पूरी सेना को ऐ की ओर ले गया। तब यहोशू ने अपने सर्वोत्तम तीस हजार सैनिक चुने। उसने इन्हें रात को बाहर भेज दिया।

אֶל־	הָעִיר	מֵאַחֲרֵי	לָעִיר	אֹרְבִים	אַתֶּם	רְאוּ	לֵאמֹר	אֹתָם	וַיְצַו		4
मत	नगर–के	पीछे–से	नगर–के–लिए	घात–लगानेवाले	तुम	देखो	कहते–हुए	उन्हें	और–आज्ञा–दी		
H0408				H0693		H7200	H0559	H0853	H6680		

נְכֹנִים׃	כֻּלְּכֶם	וִהְיִיתֶם	מְאֹד	הָעִיר	מִן־	תַּרְחִיקוּ
तैयार	सब–तुम	और–होना	बहुत	नगर	से	दूर–होना
	H3605	H1961	H3966			H7368

यहोशू ने उनको यह आदेश दिया: "मैं जो कह रहा हूँ, उसे सावधानी से सुनो। तुम्हें नगर के पीछे के क्षेत्र में छिपे रहना चाहिए। आक्रमण के समय की प्रतीक्षा करो। नगर से बहुत दूर न जाओ। सावधानी से देखते रहो और तैयार रहो।

5 וַאֲנִי וְכָל־ הָעָם אֲשֶׁר אִתִּי יִקְרְבוּ אֶל־ הָעִיר וְהָיָה כִּי־ יֵצְאוּ

और-मैं और-सब लोग जो मेरे-साथ निकटआएंगे नगर-के पास और-होगा जब निकलेंगे

H589 H3605 H5971 H854 H7126 H413 H1961 H3318

לִקְרָאתֵנוּ כַּאֲשֶׁר בָּרִאשֹׁנָה וְנַסְנוּ לִפְנֵיהֶם׃

हमारे-सामने जैसा पहले और-भागेंगे सामने-से-उनके

H7125 H3644 H7223 H5127 H6440

मैं सैनिकों को अपने साथ नगर की ओर आक्रमण के लिये ले जाऊँगा। हम लोगों के विरुद्ध लड़ने के लिये नगर के लोग बाहर आएंगे। हम लोग मुड़ेंगे और पहले की तरह भाग खड़े होंगे।

6 וְיָצְאוּ אַחֲרֵינוּ עַד הַתִּיקֵנוּ אוֹתָם מִן־ הָעִיר כִּי יֹאמְרוּ נָסִים לְפָנֵינוּ

और-निकलेंगे पीछे-हमारे तक खींचेंगे उन्हें से नगर क्योंकि कहेंगे भागते-हैं सामने-से-हमारे

H3318 H310 H5704 H5423 H853 H4480 H5892 H559 H5127 H6440

כַּאֲשֶׁר בָּרִאשֹׁנָה וְנַסְנוּ לִפְנֵיהֶם׃

जैसा पहले और-भागेंगे सामने-से-उनके

H3644 H7223 H5127 H6440

वे लोग नगर से दूर तक हमारा पीछा करेंगे। वे लगो यह सोचेंगे कि हम लोग उनसे पहले की तरह भाग रहे हैं। इसलिए हम लोग भागेंगे वे तब तक हमारा पीछा करते रहेंगे, जबतक हम उन्हें नगर से बहुत दूर न ले जायेंगे।

7 וְאַתֶּם תָּקֻמוּ מֵהָאוֹרֵב וְהוֹרַשְׁתֶּם אֶת־ הָעִיר וּנְתָנָהּ יְהוָה אֱלֹהֵיכֶם

और-तुम उठोगे घात-से और-अधिकार-करोगे को नगर और-देगा-उसे यहोवा परमेश्वर-तुम्हारे

H3644 H6965 H693 H3423 H853 H5892 H3068 H430

בְּיֶדְכֶם׃

हाथ-में-तुम्हारे

H3027

